Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Fatehpur Sikri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid

श्री राजकुमार चाहर **(फतेहपुर सीकरी) :** मेरे संसदीय क्षेत्र फतेहपुर सीकरी (उत्तर प्रदेश) में कुल 6 तहसीलें हैं । इन क्षेत्रों में रेलवे, अर्धसैनिक बलों, डाक विभाग, रक्षा सेवाओं एवं अन्य केंद्रीय संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या काफी अधिक है, जो वर्षों से अपने बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सुविधा की अपेक्षा कर रहे हैं । दुख की बात यह है कि इन छह तहसीलों में एक भी केंद्रीय विद्यालय स्थापित नहीं है, जिससे न केवल केंद्रीय कर्मचारियों को बल्कि सामान्य ग्रामीण जनसंख्या को भी शिक्षा के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं । तहसील किरावली के ग्राम पंचायत पुरामना में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध है और तुरंत दी जा सकती है । यह स्थान किरावली तहसील मुख्यालय से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है । अछनेरा रेलवे जंक्शन से ग्राम पुरामना की दूरी मात्र 2 किलोमीटर है, बिचपुरी, और फतेहपुर सीकरी जैसे प्रमुख रेलवे स्टेशनों से भी अच्छी तरह जुड़ा हुआ है, जिससे विद्यालय तक पहुँच सुगम और सुलभ है । अतः मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि तहसील किरावली के ग्राम पंचायत पुरामना में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि इस शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्र को भी एक सशक्त और समान अवसर मिल सके ।